मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी दबोचा

- आरोपी पर कोतवाली भिनगा में दर्ज हैं तीन गंभीर धाराओं के मुकदमे
- आरोपी के कब्जे से तमंचा, कारतूस, मोटरसाइकिल आदि बरामद

श्रावस्ती, संवाददाता। 25 हजार के एक बदमाश से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस तथा बाइक बरामद किया गया है।

कोतवाली भिनगा के लौकीपुरवा निवासी ननके पुत्र रुस्तम पर कोतवाली भिनगा में विभिन्न गंभीर धाराओं में तीन मुकदमें दर्ज हैं। इसलिए पुलिस ने ननके पर 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था। शनिवार की रात थाना सोनवा एवं थाना कोतवाली भिनगा पुलिस की संयुक्त टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध असलहों की सप्लाई करने वाला शातिर अपराधी ननके पुत्र रुस्तम मोटरसाइकिल से नेवरिया मार्ग होते हुए आने वाला है। सूचना पर पुलिस टीम ने गिलौला मुख्य मार्ग एवं नेवरिया के मध्य स्थित पुलिया के पास घेराबंदी कर चेकिंग प्रारम्भ की गई। मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रुकने का संकेत किया। लेकिन पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की। इससे एक गोली बदमाश के दाहिने पैर में लगी। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी सोनवा भेजा गया।

थाना सोनवा एवं कोतवाली भिनगा पुलिस की गिरफ्त में बदमाश।